

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति



दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें



वर्ष 8+16 अंक 34 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 03 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# भूकंप के लगातार झटको से आमजनों में दहशत

### 29 सितंबर से लगातार महसूस हो रहे झटके





सिवनी यशोः सिवनी जिला मु यालय और आसपास के क्षेत्र में लगातार भूकंप के झटके पिछले चार दिनों से महसूस किये जा रहे है 29 सितंबर से 02 अ टूबर तक छै बार जोरदार आवाज के साथ धरती में कंपन महसूस किया गया है हालांकि अभी तक कोई जानमाल का नुकसान सामने नहीं आया है परंतु लगातार भूगर्भीय हलचल से आम आदमी में भारी दहशत का वातावरण बना हुआ है । 02 अ टूबर की सुबह सवा सात बजे जिस प्रकार से भूकंप का झटका महसूस किया गया वह दिल दहला देने वाला था तथा इसके कुछ देर बाद पुनः भूकंप का झटका महसूस किया गया और सोमवार के दिन ही साढ़े तीन बजे के करीब पुनः आवाज के साथ जमीन कांपने कांपने से आम आदमी बुरी तरह दहल गया है । पिछले चार दिनों से जमीन के अंदर हो रही हलचल से जहाँ आम जनता बुरी तरह दहशत में वहीं प्रशासन द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार का जबावदारी पूर्ण जबाव नहीं आना चिंता का विषय है ।

यहाँ बता दें कि भूकंप के झटके पिछले चार दिनों से लगातार आ रहे है । यह भूकंप ही है या और कुछ यह स्पष्ट नहीं हो रहा है परंतु जो भी हो रहा है वह भूगर्भीय हलचल है । सिवनी जिला मु यालय में इस प्रकार की स्थिती पिछले चार वर्षो से लगातार बनी हुई है । आम आदमी का कहना है कि इस प्रकार से धरती का डोलना जिले के लिये शुभ संकेत नहीं है । किसी भी दिन कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है । निश्चित तौर पर जमीन के अंदर की स्थिती ठीक नहीं है और जो कंपन हो रहा है वह सिवनी के आसपास ही महसूस किया जा रहा है और यह स्थिती वर्षा ऋतु के बाद ही होती है । इसकी गहराई चार किलोमीटर गहराई बतायी जा रही है।


पिछले वर्षो में इसका क्षेत्र डूंडासिवनी चूना भट्टी के आसपास रहा है । पिछले साल भूगर्भीय हलचल पर जांच करने आए भू वैज्ञानिको ने बताया था कि वर्षा का पानी दरारें के जरिए गहराई में पहुंचने के कारण तैयार ऊर्जा के बाहर निकलने से यह झटके महसूस किए जा रहे हैं। बीते तीन सालों में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए है। इनमें से कुछ रि टर स्केल पर भी दर्ज हुए हैं। चिंता की बात यह है कि जमीन के अंदर जिस प्रकार से यह हलचल हो रही है उससे अनेक भवनों को क्षति तो हो ही रही है परंतु इसके कारण कोई बड़ी हानि होने की संभावना तो नहीं है यह स्थिती भू वैज्ञानिक ही स्पष्ट कर सकते है । झटको से भयभीत जिलेवासियों को प्रशासन ही सूक्ष्म जाँच कराकर भय मुक्त करा सकता है ।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन के निज निवास में हुआ शंकराचार्य जी का हुआ पादुका पूजन



सिवनी यशोः-सोमवार 02 अ टूबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन के निज निवास मे ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी जी का शुभ आगमन हुआ।

लखन कुंवर की नगरी लखनादौन स्थित विधायक श्री राय के निज निवास मे ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी का प्रथम शुभ आगमन हुआ। इस दौरान आपने गरिमापूर्ण ढंग से भव्य आगवानी कर कोटि-कोटि नमन किया। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने सपत्नीक जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज का विद्वानों के मुखारविंद से प्रवाहित मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पादुका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर भक्तजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।



## 30 लाख की लागत से बनेगा निषादराज भवन

### सिवनी विधायक ने मु यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया



सिवनी यशोः- सिवनी नगर मे निषादराज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत करने पर प्रदेश सरकार के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आभार व्यक्त किया गया है। सिवनी नगर पालिका परिषद को यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मु यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) मे राज्य शासन की घोषणा अंतर्गत निषादराज सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की राशि की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा विभागीय अधिकारियों को योजनांतर्गत स्वीकृत कार्य की शीघ्र तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कर निविदा आमंत्रित करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये है। जिसके लिए विधायक श्री राय ने मु यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। तथा सकल मांझी समाज को बधाईयां दी है। ज्ञात होवे कि विगत माह सिवनी मे जनदर्शन कार्यक्रम मे पधारे मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विधायक श्री राय द्वारा पार्टी जनों के साथ मांझी समाज के बुजुर्ग व्यक्ति के घर ले जाया गया था। इस दौरान सामाजिक जनों द्वारा निषाद राज सामुदायिक भवन निर्माण कराये जाने हेतु मांग की गयी थी। जिस पर मु यमंत्री श्री चौहान ने सहमति दी थी। इसके उपरांत सिवनी मे निषाद राज सामुदायिक भवन निर्माण कराये जाने के लिए निकाय को कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए थे।

# अंडर-17 म.प्र. बालिका वर्ग की टीम का चयन संपन्न

### मध्य प्रदेश की टीम नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता जयपुर (राजस्थान) रवाना



सिवनी यशोः- म.प्र.फुटबाल संघ द्वारा जिला फुटबाल संघ सिवनी को राष्ट्रीय अंडर-17 फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रदेश की टीम को चयन करने के लिये सौपे गये दायित्व के अंतर्गत दिनांक 25.09.23 से 27.09.23 तक स्टेडियम मैदान सिवनी पर चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलो से आयी 44 खिलाड़ियों में से 36 खिलाड़ियों का प्राथमिक चयन किया जाकर गहन प्रशिक्षण दिनांक 28.09.23 से 02.10.23 तक सुश्री मोना वर्मा एन.आई.एस.कोच बनारस एवं सुनील यादव सिले टर द्वारा दिया गया। दिनांक 02.10.23 को प्रातः 10:30 बजे स्टेडियम मैदान सिवनी पर प्रदेश की 22 खिलाड़ियों की चयनित सूची घोषित की गई। सूची की घोषणा करते हुये क्राडीनेटर एवं सचिव जिला फुटबॉल संघ सिवनी ने चयनित टीम को शुभकामनाऐं दी एवं भोजन उपरांत म.प्र. की टीम को जबलपुर होते हुये जयपुर प्रस्थान कराया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की चयन स्पर्धा एवं प्रशिक्षण के द्वौरान बालिकाओं के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था रक्षित निरिक्षक पुलिस लाईन सिवनी में प्रवीण नायडु द्वारा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी.शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। म.प्र. की बालिका वर्ग की चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है
हर्षिता सोलंकी, त्रिशा ठाकुर, साक्षी पाण्डेय, सुनिधि निर्मल, अनुपमा चौहान, सयुक्ता कबाडी भूमिका यादव, अवनी कुमार, खुशी राजपूत, पूजा डाबर, करणिका केतवास, जिया, राधिका शर्मा रौनक जाट, दिक्षा सावले, अश्वनी गौर, आकाशीय परमार, कनिष्ठ परमार, तमन्ना जाट, अंजल मसीह, बाराती, आस्का खान, टीम के मैंनेजर श्री आशीष पिल्ले एवं टीम की कोच सुश्री मोना वर्मा बनारस को बनाया गया।

## डीजल चोर गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा 15 लीटर डीजल सहित 04 धराये

बरघाट यशोः- राकेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक सिवनी जिला सिवनी द्वारा डीजल चोर गिरोह के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करते हुए डीजल चोर की सूचना हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया ।

दिनांक 01 अ टूबर को चोखेलाल चक्रवर्ती निवासी घीसी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 30 सितंबर की रात्रि में घर के आंगन में लगा बल्ब एवं ड फर क्रमांक MP28 G 2732 का डीजल टैंक का ढक्कन खोल कर करीबन 15 लीटर डीजल चोरी हो गया है, जो घर के आंगन की और लगा सी. सी. टी. व्ही. कैमरा चैक करने पर एक लड़का जिसने बल्ब निकाला था व तीन अन्य लड़के जो आहट सुनकर ढाबा तरफ भाग गये थे जिन्हें ढाबा तरफ जाकर देखने पर ढाबा में चारो लड़के जो सी.सी.टी.व्ही. कैमरा में दिखाई दे रहे चोरी करने वाले लड़को को जाकर देखा तो उक्त चारो लड़के ढाबा में बैठे थे हमे देखकर वे चारो लोग अपनी फोर व्हीलर गाडी लेकर भाग गये जिन्हें में एवं मेरे साथ वालो ने पहचान लिया जिनका नाम राहुल बोपचे निवासी बरघाट, मोहित पटले निवासी साल्हे कोसमी, पियुष राहंगडाले निवासी बरघाट, निक्कू उर्फ निशांत निवासी खर्रापाठ के जिन्होने डीजल करीब 15 लीटर डीजल कीमती 1400 रूपये एवं सी.एफ.एल. बल्ब कीमती 500 रुपये कुल 1900 रुपये की चोरी किये है कि रिपोर्ट पर अप.क्र. 497/2023 धारा 379,34 ता.हि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये राकेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक सिवनी, जी.डी. शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में ललित गठरे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बरघाट के निर्देशन में आरोपी गणों की पतासाजी एवं चोरी गये मसरुका की बरामदगी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं पुलिस टीम गठित की गई ।

आरोपी गणों एवं चोरी गये माल मशरूका की पतासाजी हेतु लगाये गये मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई की डीजल चोरी करने वाले राहूल बोपचे, मोहित पटले, पियुष राहंगडाले, निक्की उर्फ निशांत राहंगडाले मुण्डापार तरफ जा रहे है कि सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी गणों की घेराबंदी कर पकडा गया जो आरोपी राहूल पिता शिवदयाल बोपचे एवं मोहित पिता किशोर पटले दोनों निवासी साल्हे कोसमी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिन्होने पियुष राहंगडाले एवं निक्की उर्फ निशांत रहांगडाले के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। विवेचना के दौरान उक्त आरोपी गणों से चोरी गये बल्ब एवं 15 लीटर डीजल जुमला किमती लगभग 1900/- (एक हजार नौ सौ रूपये का मसरुका बरामद किया गया ।

सराहनीय भूमिका - निरीक्षक कृपाल शाह टेकाम थाना प्रभारी बरघाट, एसएसपी बलिराम खरे, ड्राइवर आर.एस. केशरी नंदन सहयोगी, नि.आशीष कुदापे ।

### आष्टा अस्पताल परिसर में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

बरघाट यशोः- - 2 अ टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आष्टा में हैल्थ कैंप एवं सभी स्वास्थ्यकर्मी और ग्रामीणजनो के द्वारा अस्पताल परिसर की सफाई की गई।
इस अवसर पर डॉ. सुयोग मासूरकर, डॉ. श्रुति गुप्ता (सीएचओ) एएनएम सुंदर मेश्राम , से टर सुपरवाइजर सतेन्द्र पतले , से टर की समस्त आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे, डा.सुयोग मासूरकर द्वारा स्वच्छता से संबंधित जानकारी उपस्थित जनो को दी ।

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई





सिवनी यशोः- 02 अ टूबर को प्रातः 09 बजे से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर नगर पालिका सिवनी के शुक्रवारी चौक ,गांधी सभा मंच पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया । जिसमें मु य रूप से धर्मगुरु पंडित आशीष तिवारी, पंडित राजेश पांडे मौलाना हाजी अनीस अंसारी,पारस जैन, चरण सिंह सि ख ,एवं पास्कल अनिल तथा श्रीमान छिद्दीलाल मासाब एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । धर्मगुरुओं द्वारा अपने अपने धर्म पर प्रकाश डाला गया एवं सर्व धर्म प्रार्थना की गई । कार्यक्रम में शहर को साफ सुथरा रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को स मान पत्र प्रदान किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्री सफीक खान जी स्वास्थ्य सभापति श्री राजिक अकील जी पार्षद अनुसुइया पटवा, चंदन खताबिया जी, तन्नू श्रीवास जी , नब्बू भाई जी, श्रीमती प्रभा दुबे जी एवं मु य नगर पालिका अधिकारी श्री रामकुमार कुर्वेती जी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सर्वधर्म गुरुओं एवम अतिथियों का शाल श्रीफल देकर स मान किया गया एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा नशा मुक्ति करने हेतु एवं स्वच्छता रखने हेतु शपथ ली गई । कार्यक्रम में नगर पालिका सिवनी के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया एवं नगर के महात्मा गांधी वार्ड एवं शास्त्री वार्ड में सफाई मित्रों एवं नागरिकों के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया गया ।

## ब्रह्मलीन शंकराचार्य जी की पुण्यतिथि पर ब्राह्मण समाज द्वारा पुष्पांजलि

### महर्षि विश्वामित्र के समान ही ,हमारे पू.गुरुदेव ने धर्म रक्षा का कार्य किया है - अतुल रामायणी



सिवनी यशोः- जिला ब्राह्मण समाज सिवनी के तत्पावधान में ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाराज श्री की प्रथम पुण्य तिथि आश्विन कृष्ण पितृ पक्ष द्वितीया (1 अ टूबर) को पूज्य महाराज श्री के शुभ हस्ते प्राण प्रतिष्ठत श्री माता राज राजेश्वरी मंदिर नंदीकेश्वरधाम सिवनी में संपन्न हुआ।
कार्यक्रम में सर्व प्रथम पूज्य गुरुदेव भगवान के छायाचित्र के समक्ष पूजन कर महाराज श्री को पुष्पांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत इस अवसर पर पधारे गुरु भक्तों ने महाराज श्री से जुड़े विभिन्न संस्मरणों को व्यक्त करते हुए, भावांजलि अर्पित की ।
इस अवसर पर उपस्थित योग आचार्य महेंद्र मिश्रा जी ने अपने जीवन के संस्मरणों को व्यक्त करते हुए बताया कि महाराज श्री ने मुझे योग के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस यात्रा में जब भी कोई बाधा आई गुरुदेव ने मेरा मार्गदर्शन किया। आज गुरुदेव भगवान के आशीर्वाद का ही प्रताप है कि मैं इस मुकाम तक पहुंच पाया हूँ, गुरुदेव की कृपा के बिना यह शायद कभी स भव न हो पाता।
संस्मरणों की इस श्रंखला में प्रसिद्ध कथा वाचक श्री अतुल रामायणी जी ने अपने विचारों व्यक्त करते हुए कहा गुरु एक तत्व है जो सदैव हमारे साथ है। गुरु की कृपा प्राप्त होने पर हमे सब कुछ स्वतः ही प्राप्त हो जाता है। हम गुरु को जो कुछ भी अर्पित करते हैं वह दुगना, चौगुना हमे प्राप्त होता है, इसलिए हमे भक्ति भाव के साथ गुरु चरणों में अपना तन, मन, धन अर्पित कर देना चाहिए, इसी से हमारा कल्याण सुनिश्चित होगा। इस श्रंखला में अन्य शिष्य गणों ने भी अपने जीवन के संस्मरणों को अभिव्यक्त कर श्री गुरु चरणों में अपनी भावांजलि अर्पित की। तदुपरांत सभी ने, भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

इस अवसर पर बड़ी सं या में उपस्थित ब्राह्मण समाज के नर नारियों के साथ ही ओमप्रकाश तिवारी (जिला अध्यक्ष ब्राह्मणसमाज), भुवनेश्वर शु ला (कार्यकारी जिला अध्यक्ष),अजय मिश्रा (जिला संयोजक), पंडित टी.आर दुबे ,पं. सोनू महाराज, अशोक तिवारी (नगर अध्यक्ष), महेंद्र मिश्रा, अतुल रामायणी , जुगल किशोर दुबे, शिव कुमार तिवारी, संदीप उपाध्याय (जिला अध्यक्ष, युवा शाखा), सूर्यकांत चतुर्वेदी (जिला महासचिव, परशुराम वाहिनी), संतोष अवस्थी, ताराचंद दुबे, दिलीप दुबे, सोनू तिवारी, राजेन्द्र शर्मा, श्रीमति सरला उपाध्याय (जिला अध्यक्ष, महिला शाखा), श्रीमति गीता अवस्थी (जिला संयोजक, महिला शाखा), श्रीमति सकुन्तला तिवारी, श्रीमति दुर्गेश्वरी शर्मा (नगर अध्यक्ष, महिला शाखा), श्रीमति अरविंदजा दुबे, श्रीमति मंजू दुबे, श्रीमति नीतू दुबे, श्रीमति प्रतिभा तिवारी, श्रीमति शैल दुबे आदि विप्र समाज के सदस्य गणों की विशेष उपस्थिति उल्लेखनीय रहीं।

## युवा संधि के स्वयंसेवकों ने किया वृद्धजनों का स मान सिवनी

सिवनी यशो :- अंतर्राष्टीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर बीते 01 अ टूबर को जिला युवा संधि के स्वयं सेवकों के द्वारा वृद्धाश्रम



पहुंचकर वृद्धजनों का पुष्प हार पहनाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर स मान किया गया। इस दौरान फल वितरण भी किया गया। उल्लेखनीय होगा कि समाज सेवी संस्था जिला युवा संधि द्वारा जिले में लंबे समय से समाज सेवा एवं नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करते आ रही है। प्रतिवर्ष महापुरूषों की जयंती और विशेष दिवसों में संस्था द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में समाज सेवा से जुड़े कार्यो को किया जाता है। इसी क्रम में अंतर्राष्ठीय वृद्धजन दिवस के मौके पर संस्था के स्वयंसेवक दिलीप नेमा, नौशाद खान, विनोद सतनामी, धनराज यादव सहित लोगों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों का स मान कर उनके साथ समय बिताया।

### जबरन नॉलेज

खोदा भी तो बहुत है काका
हा हा हा .....



# गाँवों का विकास ही असल भारत का विकास है- मु यमंत्री चौहान

**विकास भवन सह ई-गवर्नेंस सेंटर के नव-निर्मित भवन का किया लोकार्पण**



भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गाँवों का विकास ही सही अर्थों में देश का विकास है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित और समृद्ध बनाना हमारा उद्देश्य है। मु यमंत्री श्री चौहान जेल रोड पर विकास भवन सह ई-गवर्नेंस सेंटर के नव-निर्मित भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर मु यमंत्री श्री चौहान ने विकास भवन का लोकार्पण किया। मु यमंत्री ने कहा कि गाँव की तस्वीर बदलने के लिए नई उमंग, उत्साह और विकास की नई आकांक्षाओं के साथ नए भवन में कार्य करें। प्रदेश के गाँवों को शैक्षणिक, व्यवसायिक और आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने की नीतियाँ बनाएँ। प्रदेश के गाँवों को ऐसे विकसित करें कि गाँव से शहर का पलायन रुके और शहर के लोग भी गाँव में बसे।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने मु यमंत्री श्री चौहान का आभार माना कि उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मचारियों की पीड़ा को समझा और नए भवन की सौगात देकर सभी विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों की मेहनत का स मान किया है। इस अवसर पर अपर मु य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मलय श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

**विकास भवन सहई-गवर्नेंस सेंटर**

विकास भवन सह ई-गवर्नेंस सेंटर 78 करोड़ 42 लाख रुपए से निर्मित किया गया है। इसका निर्माण 2 लाख 51 हजार 500 वर्गफुट क्षेत्रफल में किया गया है। 6 मंजिला भवन के बेसमेंट में पार्किंग के लिए 2 तल रखे गए है। इसमें 1000 से भी अधिक अधिकारी और कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था रखी गई है। भवन की प्रमुख विशेषताओं में केन्द्रीकृत वातानुकूलित प्रबंधन, फायर से टी, विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 600 लोगों की बैठक क्षमता वाला विशाल ऑडिटोरियम, आर्टिफिशियल लॉन और पावर बैकअप शामिल है।

विकास भवन में विकास आयुक्त कार्यालय, पंचायत राज संचालनालय, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, म.प्र. स्टेट सामाजिक संपरीक्षा समिति, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम परिषद, राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन और म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय संचालित होंगे।

# शुक्र पर भारतीय उपग्रह पहुंचाने की तैयारियां हुई पूरी

## भारत का मिशन शुक्र अब जल्द सामने आ रहा, इसरो शुक्र ग्रह पर अपने दो उपग्रह भेजेगा

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**




चंद्रयान मिशन की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने उन तारों के रहस्य सामने लाने की योजना बनाई है जिन पर पर्यावरण होने की बात कही जाती है या जो सौरमंडल से बाहर स्थित हैं। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इसकी जानकारी दी। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (इनसा) के तत्वावधान में एक व्या यान देकर सोमनाथ ने कहा कि एजेंसी शुक्र ग्रह (वीनस) के अध्ययन के लिए एक मिशन भेजने और अंतरिक्ष के जलवायु तथा पृथ्वी पर उसके प्रभाव का अध्ययन करने के लिए दो उपग्रह भेजने की योजना भी बना रही है।

**ए सोवर्ल्ड्स मिशन को लेकर भी कर रहा भारत विचार**

एस सोमनाथ का कहना है कि ऐ सपोसैट या ऐ स-रे पोलरीमीटर सैटेलाइट इस साल दिसंबर में प्रक्षेपण के लिए तैयार है जो समाप्त होने की प्रक्रिया से गुजर रहे तारों का अध्ययन करने के लिए है। सोमनाथ के मुताबिक, हम ऐ सोवर्ल्ड्स नामक एक उपग्रह की अवधारणा पर भी विचार कर रहे हैं जो हमारे सौरमंडल से बाहर के ग्रहों और अन्य तारों का चक्कर लगा रहे ग्रहों का अध्ययन करेगा। उन्होंने कहा कि सौरमंडल के बाहर 5,000 से अधिक ज्ञात ग्रह हैं जिनमें से कम से कम 100 पर पर्यावरण होने की बात मानी जाती है। ऐ सोवर्ल्ड्स मिशन के तहत बाहरी ग्रहों के वातावरण का अध्ययन किया जाएगा। वहीं, इसरो के एक वैज्ञानिक ने दावा किया है कि शुक्रयान मिशन में देरी हो सकती है। इसरो की तरफ से तैयारी पूरी की जा चुकी है, लेकिन सरकार से ऑफिशियल परमिशन अभी तक नहीं मिली है, जैसे यह मिलती है, आप देखेंगे कि भारत के उपग्रह शुक्र पर नजर आएंगे।

**शुक्र आता है 19 माह में एक बार पृथ्वी के सबसे निकट**

दरअसल, इसरो ने मूल रूप से वर्ष 2023 के मध्य में शुक्रयान-1 लॉन्च करने की योजना बनाई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी ने तारीख को दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया गया था। शुक्र ग्रह प्रत्येक 19 माह में एक बार पृथ्वी के सबसे निकट होता है जो मिशन के लॉन्च के लिए सबसे उपयुक्त समय होता है, यही कारण है कि यदि वह वर्ष 2024 का अवसर चूक जाता है तो इसरो के पास वर्ष 2026 और 2028 में %बैकअप% लॉन्च का समय भी मौजूद है । लेकिन और भी उपयुक्त समय जो लि ट ऑफ पर आवश्यक ईंधन की मात्रा को कम करता है, प्रत्येक आठ वर्ष में आता है। वर्ष 2031 को विशेषज्ञों द्वारा बहुत उपयुक्त लॉन्च समय माना जा रहा है।

**ये है शुक्रयान-1 मिशन की गहराइयां**

उल्लेखनीय है कि शुक्रयान-1 एक ऑर्बिटर मिशन होगा। इसके वैज्ञानिक पेलोड में वर्तमान में एक उच्च-रिज़ॉल्यूशन सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) और एक ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार शामिल हैं। एसएआर ग्रह के चारों ओर बादलों (जो दृश्यता को कम करट हैं) के बावजूद शुक्र की सतह की जांच करेगा। यह उच्च-रिज़ॉल्यूशन छवियों को प्राप्त करने हेतु एक तकनीक को संदर्भित करता है। रडार सटीकता के कारण बादलों और अँधेरे में भी प्रवेश कर सकता है, जिसका अर्थ है कि यह किसी भी मौसम में दिन और रात डेटा एकत्र कर सकता है। मिशन में शुक्र ग्रह की भू-वैज्ञानिक और ज्वालामुखीय गतिविधि, ज़मीन पर उत्सर्जन, हवा की गति, बादल कवर और अंडाकार कक्षा से अन्य ग्रहों की विशेषताओं का अध्ययन करने की उ मीद है। इसका मु य उद्देश्य ही यह है कि सतह प्रक्रिया और उथले उपसतह स्ट्रैटिग्राफी की जाँच अभी तक शुक्र की उपसतह का कोई पूर्व अवलोकन नहीं किया गया है, संभव हो सके। स्ट्रैटिग्राफी भूविज्ञान की एक शाखा है जिसमें चट्टान की परतों का अध्ययन किया जाता है। वायुमंडल की संरचना, और गतिशीलता का अध्ययन। शुक्र आयनमंडल के साथ सौर पवन संपर्क की जाँच का सही पता लगाया जाए ।

**ये है इस शोध का मानव जीवन के लिए खास महत्व**

इससे यह जानने में मदद मिलेगी कि पृथ्वी जैसे ग्रह कैसे विकसित होते हैं और पृथ्वी के आकार के ऐ सोप्लैनेट (ग्रह जो हमारे सूर्य के अलावा किसी अन्य तारे की परिक्रमा करते हैं) पर ` या परिस्थितियाँ मौजूद हैं। यह पृथ्वी की जलवायु के प्रतिरूपण में मदद करेगा तथा सावधानीपूर्वक इस प्रकार कार्य करता है कि कैसे एक ग्रह की जलवायु नाटकीय रूप से बदल सकती है। आपको बतादें कि शुक्र सूर्य से दूरी के हिसाब से यह दूसरा तथा द्रव्यमान और आकार में छठा बड़ा ग्रह है। यह चंद्रमा के बाद रात के समय आकाश में दूसरा सबसे चमकीला प्राकृतिक ग्रह है, शायद यही कारण है कि यह पहला ग्रह था जिसे दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व आकाश में अपनी गति के कारण जाना गया। हमारे सौरमंडल के अन्य ग्रहों के विपरीत शुक्र और यूरेनस अपनी धुरी पर दक्षिणावर्त घूमते हैं। कार्बन डाइऑ साइड की उच्च सांद्रता के कारण यह सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह है जो एक तीव्र ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करता है।

**शुक्र का हर दिन है इतना विशेष**

शुक्र ग्रह पर एक दिन पृथ्वी के एक वर्ष से ज़्यादा लंबा होता है। सूर्य की एक परिक्रमा पूरी करने की तुलना में शुक्र को अपनी धुरी पर घूर्णन में अधिक समय लगता है। सौरमंडल में किसी भी ग्रह के एक बार घूर्णन में 243 पृथ्वी दिवस और सूर्य की एक परिक्रमा पूरी करने हेतु 224.7 पृथ्वी दिवस लगते हैं। शुक्र को उसके द्रव्यमान, आकार और घनत्व तथा सौरमंडल में उसके समान सापेक्ष स्थानों में समानता के कारण पृथ्वी की जुडवाँ बहन कहा गया है। पृथ्वी का सबसे निक्टतम ग्रह शुक्र है; साथ ही यह चंद्रमा के अलावा पृथ्वी का सबसे निकटतम बड़ा पिंड है। शुक्र का वायुमंडलीय दाब पृथ्वी से 90 गुना अधिक है।

**शुक्र पर पहले भेजे गए मिशन ये रहे**

इसरो ने अभी अपने शुक्र मिशन को पूरा करने की तैयारी की है, आपको बतादें कि सबसे पहले अमेरिका ने यहां अपने मिशन की शुरूआत की थी। शुक्र पर अमेरिका मेरिनर श्रृंखला वर्ष 1962-1974, वर्ष 1978 में पायनियर वीनस- 1 और पायनियर वीनस- 2, वर्ष 1989 में मैगेलन कर चुका है। इसी प्रकार से रूस द्वारा वेनेरा की अंतरिक्षयान श्रृंखला वर्ष 1967-1983, वर्ष 1985 में वेगास- 1 और वेगास- 2 स पन्न की गई। जापान का नाम भी इसके साथ जोड़ा जा सकता है जिसने वर्ष 2015 में अकात्सुकी योजना को आगे बढ़ाया और इसी तारत ?य में युरोप की ओर से संयु त रूप से वर्ष 2005 में वीनस ऐ सप्रेस का प्रयोग शुक्र को जानने के लिए किया जा चुका है।

# सोयाबीन की फसल में नुकसान का होगा सर्वे, मिलेगी राहत- मु यमंत्री चौहान

*** मध्यप्रदेश को बनायेंगे समृद्ध और देश का अग्रणी राज्य**

*** मु यमंत्री चौहान ने किया मरदानपुर में 46 करोड़ 22 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन-लोकार्पण**

भोपाल । मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यदि सोयाबीन की फसल में कहीं नुकसान हुआ होगा तो जल्दी ही सर्वे करवाकर राहत राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को समृद्ध और देश का अग्रणी राज्य बनायेंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान आज सीहोर जिले के मरदानपुर गांव में 46 करोड़ 22 लाख रुपए के विकास कार्यो का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण करने के बाद जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। वन मंत्री श्री विजय शाह और सांसद श्री रमाकांत भार्गव भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनमानस का असीम आशीर्वाद प्रदेश के विकास और लोगो के जनकल्याण की योजनाएं बनाने की शक्ति देता हैं। यही वजह है कि विकास के लिये सरकार को धन की कमी नही होती जबकि दूसरी सरकारें पैसा नही होने का रोना रोती हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार की योजनाएं लोगों के दुखो को दूर कर उनके जीवन में खुशीयां ला रही हैं। उन्होंने आजीविका मिशन की बहनों से उनकी आमदनी हर माह दस हजार रुपए महीना करने के संकल्प हर हाल में पूरा होगा। मु यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकार ने गांवों के विकास के लिए कुछ नही किया। वर्तमान सरकार ने सड़के, पुल पुलिया, सिंचाई, अस्पताल, स्कूल सहित विकास के वे सब काम किए है जिससे आम आदमी का जीवन सरल बना है। उन्होंने कहा कि आज घर-घर नल से जल पहुंचा है। श्री चौहान ने कहा कि बेघरबार लोगों के लिए मु यमंत्री लाडली आवास योजना बना दी है जिससे प्रधानमंत्री आवास में जिनके नाम छूट गए हैं उन्हें भी घर बनाने के लिये पैसा मिल सके।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहना योजना दुख-तकलीफ को खत्म करने की योजना है। जो बहने छूट गई है और जिनके विवाह नही हुए है, ऐसी बहनों के भी नाम जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये पैसा नही है बल्कि बहनों का मान स मान और इज्ज़त है।

मु यमंत्री ने कहा कि वे जल्दी ही 450 रुपए में गैस सिलेंडर की राशि लाडली बहनों और उज्ज्वला गैस कने शन धारियों के खाते में डालेंगे और जिन लाडली बहनों के नाम कने शन नहीं है, उनके भी कने शन में नाम ट्रांसफर का काम शुरू किया है। उन्होंने फिर दोहराया कि राशि 1250 रुपए के मान से बढ़ाकर 3000 रुपए करेंगे।

मु यमंत्री ने कहा कि बेटे-बेटियो में पड़ाई के प्रति रुझान बढाने के लिए, साइकिल, लैपटाप, क प्यूटर, स्कूटर तो दे ही रहे है। मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले मेधावी बच्चों की फीस सरकार भरवा रही है। सिंचाई योजनाएं हो या किसान कल्याण और किसान स मान निधि, सरकार की प्राथमिकता किसानों का कल्याण है।

मु यमंत्री ने मरदानपुर से लगी छह पंचायतों में दो-दो विकास कार्य के अलावा, मरदानपुर में नाली, जिम, सीसी रोड, सहित मंगल भवन, मछुआरा भवन भी मंजूर करने की घोषणा की। उन्होने आयुष्मान कार्ड और लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रमाण-पत्र प्रदान किये। इससे पहले मु यमंत्री श्री चौहान ने 4 करोड़ 87 लाख रुपए के निर्माण कार्य का लोकार्पण तथा 41 करोड़ 35 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया।

**इन निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण और भूमि पूजन**

मु यमंत्री श्री चौहान ने ग्राम मरदानपुर में 4 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से घाट रिटेनिंग वॉल एवं एप्रोच रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने 30 करोड़ 19 लाख 81 हजार रुपए की लागत से मद्धागांव वन विकास नर्सरी चांदीकछार से नहलाई होते हुए मद्धागांव नहर पुलिया तक सीसी मार्ग, 2 करोड़ 42 लाख 37 हजार रूपए की लागत से ग्राम मोगरा से ग्राम सेमरिया नहर तक सड़क निर्माण, 5 करोड़ 13 लाख 38 हजार की लागत से ग्राम भोमदा बुलम से माजरकुई एवं नदियाखेड़ा तक मार्ग निर्माण, 2 करोड़ 41 लाख की लागत से ग्राम बरखेडा से बेहराखेडी सड़क तथा एक करोड़ 18 लाख की लागत से अधिक राशि की बरखेड़ा से मांजरकुई मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

# वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन के लिये युवा पीढ़ी में जागरूकता अभियान कारगर -वन मंत्री

## राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह 2023 का शुभारंभ

भोपाल । राज्य स्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन के लिये युवा पीढ़ी में जागरूकता के लिये अभियान कारगर होगा। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की विहार वीथिका में राज्य स्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह का शुभारंभ प्रतीकात्मक पेंटिंग बनाकर किया गया। वन मंत्री ने डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ इंडिया द्वारा विहार वीथिका में शिकारी पक्षियों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। डॉ. शाह ने ÷भोपाल बर्डस÷ हेंडबुक का विमोचन भी किया। मो. खालिक एवं डॉ. संगीता राजगीर, के द्वारा ÷भोपाल बर्डस÷ हेंडबुक तैयार की गई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा स्वच्छता की शपथ गृहण की गई। लगभग 800 प्रतिभागियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया। वन विहार में राज्य स्तरीय फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई। राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह 2023 हेतु वन विभाग की विभिन्न शाखाओं जैसे ईको टूरिज्म बोर्ड, सामाजिक वानिकी, जैव विविधता बोर्ड, बांस मिशन के साथ-साथ अन्य संस्थाओं जैसे क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय द्वारा भी प्रदर्शिनी लगाई गई है। उक्त प्रदर्शिनी के अवलोकन के लिये दिनांक 01 से 07 अ टूबर 2023 तक विद्यालयीन छात्र/छात्राओं के निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा।

# चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का कीर्तिमान बनाएं, राज्यपाल पटेल ने प्रदेश के मतदाताओं से किया आहवान

## "सबसे पहले मतदान, उसके बाद कोई दूसरा काम" की भावना से निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल हों - पटेल

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं का स मान समारोह आयोजित**

भोपाल । राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से आहवान किया है कि आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का कीर्तिमान बनाएं। राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आदर्श प्रस्तुत करें। श्री पटेल ने युवाओं से कहा है कि लोकतंत्र के उत्सव को जिद, जोश और जुनून के साथ मनाने के वरिष्ठ नागरिकों के भाव और भावनाओं से प्रेरणा लेकर आगामी निर्वाचन में मतदान के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सबसे पहले करें मतदान उसके बाद कोई दूसरा काम।

राज्यपाल श्री पटेल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ मतदाताओं के स मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ मतदाताओं श्रीमती पांचो बाई पाल और श्री चन्द्र भूषण श्रीवास्तव का उनके पास जाकर स मान किया। आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के सभागार में हुए कार्यक्रम में पूर्व मु य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, श्री ओ.पी. रावत, मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन और राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी और भोपाल जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता उपस्थित थे।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मज़बूती और जीवंतता का आधार निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाता की सक्रिय सहभागिता है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की मज़बूती के लिए जितना जरूरी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव है, उतना ही महत्वपूर्ण मतदान में मतदाताओं की अधिकतम सक्रिय भागीदारी भी है। उन्होंने समाज के वंचित समुदाय के मतदाताओं में मतदान को पवित्र कार्य मानने के प्रसंग का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि गुजरात के नगरीय चुनावों के दौरान मतदान से पूर्व रात्रि में एक परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। परिवार ने मतदान को जरूरी जि मेदारी मानते हुए पार्थिव देह का अंतिम संस्कार प्रातः साढ़े सात बजे से पहले संपन्न कर दिया जिससे समुदाय के सभी व्यक्ति मतदान कर सकें। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को चाहे अमीर-गरीब हो, शिक्षित-अशिक्षित हो, इसी समर्पण के साथ मतदान करना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र में सबसे पवित्र और मूल्यवान कार्य मतदान है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वरिष्ठ मतदाताओं के कर्तव्य पालन का ही प्रतिफल है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के गौरव के साथ सबल, समर्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत निर्माण के पथ पर हम आज तेज गति से आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के निर्माण और उसके विकास में वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं के प्रति आभार और स मान प्रदर्शन की सराहनीय पहल है। उन्होंने स मानित सभी 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण और निष्ठा की सराहना करते हुए, स्वस्थ, सुखी जीवन की कामना की। उन्होंने निर्वाचन आयोग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को साधुवाद देते हुए सराहना की।

पूर्व मु य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, श्री ओ.पी. रावत ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता देश का भाग्य विधाता है, जिसके द्वारा चुनी गई सरकार देश का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र में ही संभव है कि भोपाल का सामान्य व्यक्ति, देश का राष्ट्रपति बन सकता है। इस व्यवस्था का संरक्षण और संरक्षा प्रत्येक नागरिक की जि मेदारी है। उन्होंने फेक न्यूज़ के बढ़ते संकट को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए वरिष्ठ मतदाताओं से युवाओं का मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया। श्री रावत ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में निर्वाचन आयोग के ऐप सी-विजिल की जानकारी देते हुए बताया कि ऐप पर निर्वाचन कार्य में गड़बड़ी और गलती के फोटो अथवा विडियो डालकर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। आयोग द्वारा यह प्रावधान किया गया है कि प्रथम क्षेत्राधिकारी द्वारा सौ मिनटों के भीतर शिकायत की जाँच की जाएगी। अग्रिम कार्रवाई की सूचना भी शिकायतकर्ता को मिलेगी। उन्होंने बताया कि ऐप की व्यवस्था से पूर्व जहाँ प्राप्त शिकायतों में से 99.99 प्रतिशत गलत निकलती थीं, वहीं ऐप पर प्राप्त करीब 90 प्रतिशत शिकायतें सही पायी गई हैं।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, श्री अनुपम राजन ने अपने स्वागत उद्बोधन में निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी दीं। उन्होंने बताया कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की शारीरिक क्षमताओं और आवागमन के दृष्टिगत जिला स्तर पर उनके घर पर स मान की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में भोपाल जिले के मतदाताओं को प्रतिनिधि स्वरूप कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

राज्यपाल पटेल का कार्यक्रम के प्रार भ में पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित 'मैं भारत हूँ' गीत और वरिष्ठजन मतदाताओं पर केन्द्रित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजन हुए स मानित



भोपाल । अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एक अ टूबर को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शासकीय होमियो चिकित्सालय में लगभग 400 वृद्धजनों को स मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वृद्ध जनों ने भी अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नुक्कड़ नाटक एवं गायन प्रतियोगिता में उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के श्री मनोज बाथम, आयुष विभाग के उप सचिव श्री संजय मिश्र, सीएमओ आयुष, हेल्पज इंडिया से श्री खरे, वृद्ध नागरिक कल्याण से श्री से सेना उपस्थित रहे। आयुष विभाग ने सभी वृद्धजनों को हमेशा स्फूर्तिवान रहने और जीवन भर इसी हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रमों में भाग लेकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया।



# विधायक दिनेश राय मुनमुन ब्र हनिष्ठ शंकराचार्य जी के प्रथम सामराधना मे हुए शामिल

सिवनी यशोः-रविवार 01 अे टूबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ब्र हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के प्रथम वार्षिक सामराधना मे शामिल हुए। तथा आश्रम मे विराजमान पीठाधीश्वर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार को नरसिंहपुर जिले के झोतेश्वर स्थित परमहंसी आश्रम मे अनंत श्री विभूषित द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के ब्र हनिष्ठ होने के 01 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रथम वार्षिक सामराधना मे विधायक श्री राय शामिल हुए। जहां पर आपने महाराज श्री के समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कोटि- कोटि नमन किया। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने आश्रम मे विराजमान द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी सं या मे भक्तजनों की उपस्थिति रही।



# केवलारी से मुस्लिम सिवनी से दलित वर्ग और लखनादौन से आदिवासी प्रत्याशी उतार सकती है गोंगाप

फैयाज खान

छपारा यशोः-मध्य प्रदेश की राजनीति में उभर रही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अब प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन सकती है लोग कयास लगा रहे हैं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी वर्ष 2023 के चुनाव में समाज में बढ़ती स्वीकार्यता से बेहद मज़बूत स्थिति में लग रही है। पीड़ित तबके के पक्ष में लगातार आवाज़ उठाने से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का जनाधार निरंतर अल्पसं यकों और सामान्य वर्ग में भी बढ़ा बढ़ रहा है ऐसा लोग कहते हैं । गैर आदिवासी वर्ग के लोगों के साथ आने से पार्टी की स्थिति मजबूत वास्तव में हुई है या नहीं चुनाव के बाद सामने आएगा । और उस पर जाति विशेष की पार्टी होने की छवि भी है और अब पार्टी के सर्वहारा वर्ग की पार्टी बनने का प्रयास किया जा रहे हैं ।जिसका लाभ आगामी चुनाव में देखने मिल सकता है। आलाकमान गंभीरता से प्रयासरत हैं कि सभी वर्ग के लोग







पार्टी का प्रतिनिधित्व करे इसको लेकर पार्टी को टिकट वितरण में सामंजस्य बनाने की कोशिश जारी है। पार्टी का मानना है कि सुरक्षित जाति की सीटों के अलावा सामान्य सीटों पर अन्य वर्गों को भी मौका दिया जाए, जिससे प्रदेश भर में अन्य समाजों को सकारात्मक संदेश दिया जा सके, जिसके चलते सिवनी जिले में इसका प्रयोग किए जा सकता है, ज्ञातव्य है कि सिवनी जिले में दो विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है तथा दो केवलारी सिवनी सामान्य है इन दोनों सीट पर आदिवासी मतदाता अधिक है । उनकी सं या के हिसाब से दोनों सीटे बहुत मजबूत मानी जाती है ।इन दोनों सीटों में मजबूत उ मीदवार की जरूरत गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को पड़ेगी यहां से किसी बड़े और सक्षम पदाधिकारी को मजबूत प्रत्याशी के तौर पर उतारा जाए तो पार्टी के लिए अच्छा है। दोनों सामान्य सीटों पर केवलारी से मुस्लिम वर्ग के प्रत्याशी और सिवनी विधानसभा क्षेत्र से दलित वर्ग के व्यक्ति को लखनादौन से आदिवासी वर्ग को पार्टी प्रत्याशी बनाए जिससे जिले की कम से कम तीन सीटों पर उ मीद की जा सकती राजनीतिक लोगों का मानना है आमजन की अपेक्षा है की पार्टी केवलारी विधानसभा से मुस्लिम चेहरे को अपना प्रत्याशी बनाएगी ताकि स पूर्ण प्रदेश का मुस्लिम समाज की सहानभूति मिल सकती है ओर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को वोट कर सकती है यदि ऐसा संभव हुआ तो तीनों सीटों मैं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कांटे की टक्कर दे सकती है ।

# संदीप चौहान को कांग्रेस का लपेटकर दी अंतिम विदाई

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस विचार विभाग के जिला अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस सेवादल के पूर्व उपाध्यक्ष, सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने वाले मिलनसार व्यक्तित्व के धनी संदीप चैहान का अल्पआयु में आकस्मिक निधन होने से कांग्रेस पार्टी ने एक अच्छा समर्पित सिपाही खो दिया, जिसकी कमी को पूरा नही किया जा सकता। संदीप चैहान के अंतिम संस्कार के पूर्व उनके निवास स्थान पंहुचकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, केवलारी के पूर्व विधायक ठा. रजनीशसिंह, जिला कांग्रेस सेवादल के द्वारा सलामी दी जाकर पार्थिव देह पर कांग्रेस पार्टी का ध्वज उड़ाकर पुष्पचक्र से स मान किया गया, स्व. चैहान के अंतिम संस्कार में बडी सं या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें। आज जिला कांग्रेस कार्यालय में 2 मिनट का मौन धारण कर स्व. संदीप चैहान को श्रद्धांजलि दी गयी।

# गांधी एवं शास्त्री जयंती मनायी गयी कांग्रेस कार्यालय में,प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर दी श्रद्धांजलि

सिवनी यशोः- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय प्रांगण में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर उधवदास आसवानी द्वारा माल्यार्पण किया गया, शास्त्री जी के छायाचित्र पर श्रीमति अल्पना राणा द्वारा माल्यापर्ण किया, तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित किया। इंदिरा भवन सिवनी में श्रद्धांजली दी गई।

पानी की समस्या को लेकर निकाली गई किसान रैली का स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रैली में शामिल किसानों का हौंसला बढ़ाया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, सेवकराम चन्द्रवंशी, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, जेपीएस तिवारी, विजय नाहटा, मोहनसिंह चंदेल, अतुलचंद मालू, अशौक चैबे, विष्णु करोसिया, राजा बघेल, इमरान पटेल, देवीसिंह चैहान, घनश्याम पटेल, निर्मल निखारे, आनंद पंजवानी, दिनेश सिंह ठाकुर, डालचंद बर्वे, कोमल कश्यप, मोहन कश्यप, ध्रुवनारायण चैधरी, गेंदलाल भलावी, मोहनसिंह ठाकुर, श्रीमति अल्पना राणा, श्रीमति सीता निखारे, श्रीमति सुयोगिता से सेना, श्रीमति ललिता बघेल, श्रीमति पवनरेखा रिनायत, श्रीमति पुष्पा कटरे, श्रीमति जमुना अहिरवार, श्रीमति सुनीता वर्मा, राजिक अकील, कैलाश अवधिया, युवराजसिंह राणा, सुशील सोनकेशरिया, राजेश माहोरे, सुमित मिश्रा, शाहिद रानू, नितिन शु ला, ठा. जयप्रकाश परिहार, नन्दू यादव, सुजीत गोदरे, विनोद यादव, पंडित लोकेश शु ला, जितेन्द्र सनोडिया, अनीस बघेल, विपतलाल धुर्वे, पदम सनोडिया, ठाकुर सिंह डेहीरिया, सज्जू खान, रिंकू सेन, हुकुमचंद सनोडिया, रंजीत परिहार, जिब्राईल अंसारी, टिकेन्द्र देशमुख, मुबारक खान, विक्रम सिसोदिया, युसूफ खान, प्रदीप श्रीवास, सतेन्द्र बघेल, राजकुमार ठाकुर, असद बबली खान, शशिभूषण बघेल, जय अ बे बघेल, एड मिर्जा फेसल बेग, विवेक राय, रामकुमार राय, ईमानसिंह बघेल, जोऐब जकी अनवर, राजगोस्वामी, नितिन डेहरिया, कपिल बघेल, उदयसिंह बघेल, तुलाराम डेहरिया, राकेश अग्रवाल, अर्जुन वर्मा, निरंजर चंदेल, प्रवेश बाबू भालोटिया, ओमउपाध्याय, शक्तिसिंह जाडेजा, विपिन यादव, नमन चैरसिया, संदेश बास्सा, नब्बू भाई, नितिन तारान, महेश मरापे, खलील खान, अहफाज अली, नजीर अहमद, ठाकुर यशवंत सिंह, सिराज खान, शैलेन्द्र हरिन्द्रवार, जितेन्द्र सिंह बघेल, दिलीप दुबे, विनोद नामदेव, सोनू बघेल, नवनीत बघेल, रविशंकर अहिरवार सहित बडी सं या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।



# बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष की सजा,बंडोल थाना क्षेत्र का मामला




सिवनी यशोः- सिवनी जिले के बंडोल थाना अंतर्गत एक ग्राम में 53 वर्ष की महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 वर्ष की सजा से दंडित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बण्डोल में 53 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 न बर 2018 के सुबह करीब 11ः00 बजे वह जानवर चराने खेत गई थी। तभी एक व्यक्ति गनेशा डहाटे पिता पतिराम डहाटे आया और उसे पकड़ लिया। फिर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। महिला जोर-जोर से चिल्लाई तो आवाज सुनकर उसकी बेटी आई। और उसने गनेशा डहाटे को चिल्लाई कि तू ये या कर रहा है। तो आरोपी बोला कि किसी को बताई तो जान से खत्म कर दुंगा। आवाज सुनकर उसकी बहू आई और लोगो को आता देख गनेशा वहां से भाग गया। इस सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा अपराध धारा 376, 506 भादवि0 के तहत आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया। एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र सुनील कुमार मिश्र चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसमें शासन की ओर से श्रीमती उमा चौधरी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा गवाहों एवं सबूतों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। एवं तर्क दिया गया कि 53 वर्षीय पीड़िता जिसके साथ आरोपी के द्वारा ऐसा घिनौना कृत्य किया गया है। ऐसे आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा की मांग कि गई। प्रदीप कुमार भौरे सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सिवनी ने बताया कि सहायक अभियोजन अधिकारी सिवनी के सबूतों एवं तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी गनेशा डहाटे को धारा 376 भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा आयोजित नेत्र शिविर मे 69 रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

## ग्राम केकड़ा एवं चमारी में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर हुआ संपन्न

सिवनी यशोः- शनिवार 30 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा ग्राम केकड़ा एवं चमारी मे आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न हुआ। सांई नेत्रा आई केयर संस्थान सिवनी एवं सक्षम भारत संस्था दादा वीरेंद्र पुरी आई हास्पिटल जबलपुर के माध्यम से विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में नेत्र रोगियों के उपचार हेतु आयोजित निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतर्गत ग्राम केकड़ा एवं चमारी में शिविर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक एवं 02:00 बजे से 05:00 बजे तक ग्राम पंचायत भवनों में आयोजित किया गया। जिसमे शिविर का शुभारंभ स मानीय जनों की



गरिमामय उपस्थिति मे मां सरस्वती जी पूजन व छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र पटेल द्वारा 252 नेत्र रोगियों की जांच की गयी। जिसमे 69 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इस दौरान बडी सं या मे ग्राम के लोगों ने शिविर का लाभ लेते हुए नेत्र जांच करवाया। इस अवसर पर महताब सिंह ठाकुर वरिष्ठ भाजपा नेता, धीरसिंह भलावी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, ओम राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष चमारी, रामदयाल सिंह ठाकुर सतीश दुबे विधायक प्रतिनिधि, राधा भलावी जी सरपंच चमारी खुर्द, नरेश गिरी गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि, अजय साहू , सीताराम सरपंच इमलिया, देवेन्द्र बघेल विधायक प्रतिनिधि, नमन साहू, श्रद्धा यादव, निरंजन सिंह पटेल, राजाराम कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा , राकेश सिंह पटेल, रोहित सिंह मुकद्दम, प्रभाबाई ठाकुर उपसरपंच, रफीक अंसारी सचिव, कुमदेश ठाकुर सहायक सचिव, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, राकेश यादव , राहुल अहिरवार, हीरालाल , पीतमलाल जी सरपंच, देवलाल चौकसे, घसीटा साहू, रमाकांत चौकसे, मिथलेश चौकसे, घनश्याम चौकसे , खेमचंद साहू , नरेन्द्र सिरोरे, रामगोपाल परते, न्रहेवीर इनवाती, देवलाल झारिया सहित नेत्र रोगियों की उपस्थिति रही।

# महत्वपूर्ण विषयों पर अग्रवाल समाज की साधारण आम सभा में हुई चर्चा

**सदस्यों ने रखे अपने विचार, प्रस्तुत किया वार्षिक लेखा-जोखा**

सिवनी यशोः-अग्रवाल समाज समिति की साधारण आम सभा 30 सितंबर शनिवार को लूघरवाड़ा स्थित श्री अग्रसेन भवन परिसर में आयोजित की गई। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल ने साधारण आम सभा की अध्यक्षता की। अग्रवाल समाज के वरिष्ठजनों व पदाधिकारियों ने महाराज श्री अग्रसेन व माता महालक्ष्मी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। श्रीगणेश की वंदना के साथ वार्षिक साधारण सभा प्रारंभ की गई। बैठक में महासचिव नरेश अग्रवाल, सहसचिव तरूण अग्रवाल, उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल व समिति पदाधिकारी सहित बड़ी सं या में समाज के स मानित सदस्यगण मौजूद रहे।

प्रवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने एजेंडे के अनुसार वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा उपस्थितजनों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सर्वस मति से पास किया गया। अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल ने बीते एक साल में हुई सामाजिक गतिविधियों का ब्यौरा उपस्थितजनों के समक्ष प्रस्तुत किया। बताया कि अग्रसेन चौक बनाने हेतु नगर पालिका सीमा अंतर्गत प्रस्ताव 15 अे टूबर 2022 को पास किया गया, इसके लिए आशीष अग्रवाल के सामने अथवा दुर्गाप्रसाद अग्रवाल के सामने अग्रसेन महाराज की प्रतिमा लगाने के संबंध में कार्रवाई प्रचलित है। समिति की बैठक में लिए फैसले के अनुसार सदस्यता से छूट गए परिवार को 15 दिन के अंदर सदस्यता दी जाएगी। साल 2021 की साधारण सभा में किचिन शेड बनाने का निर्णय लिया गया था, जो बनकर तैयार हो गया



है। जो लोग कम सं या या कम खर्च में बिना लान लिये शादी या कोई कार्यक्रम करना चाहते हैं, वे भवन में ही अपना कार्य कर सकते हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि समाज या कार्यसमिति से जुड़े विषय या शंकाओं का समाधान बैठक में किया जाए। सोशल मीडिया, व्हाट्सअप ग्रुप अनावश्यक विषयों का चर्चा का मुद्दा ना बनाया जाए, इसमें सिर्फ आवश्यक सूचनाएं ही प्रसारित की जाए।

बैठक में उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि समाज की मतदाता सूची में प्रत्येक परिवार से एक सदस्य को जोड़ा जाएगा। कोई भी सदस्य ना छूटे इसका प्रयास किया जाएगा। सामाजिक गतिविधियों में संगठित होकर सभी समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। बैठक में महासचिव श्री नरेश अग्रवाल ने बताया कि समिति का कार्यकाल जनवरी 2024 में समाप्त हो रहा है। दिसंबर 2023 में संस्था की कार्यसमिति के चुनाव कराया जाना प्रस्तावित है। चुनाव की तारीख निर्धारित व घोषित करने पर सदस्यों ने अपने विचार रखे। अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल ने कहा कि कार्य समिति की बैठक में उपयुक्त तिथि निर्धारित कर चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

बैठक में श्री दिलीप मोदी ने कहा कि भवन का नामकरण शीघ्र करते हुए इसे भवन के सामने अंकित कराया जाए। साथ ही भवन, जमीन व बाउंड्रीबाल में सहयोग देने वाले दानदाताओं की सूची भवन में लगाई जाए, इस पर सदन द्वारा सहमति व्यक्त की गई। सिवनी अग्रवाल समाज के सभी पूर्व अध्यक्ष के नाम व उनका कार्यकाल की सूची भवन में प्रदर्शित करने का सुझाव महिला सदस्य द्वारा दिया गया, जिस पर आवश्यक कार्यवाही करने आश्वासन अध्यक्ष द्वारा दिया गया। संस्था के हित में दिए गए प्रस्तावों या सुझावों पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल ने अंत में साधारण सभा समाप्ति की घोषणा करते हुए सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# गोवंश का अवैध करते पकड़ा गया ट्रक, 42 मवेशी और पिस्टल जप्त

सिवनी यशोः- एसडीओपी पुरूषोत्तम मरावी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह व एएसपी जीडी शर्मा के निर्देशन में बंडोल थाना प्रभारी राजेश कुमार दुबे ने पशु तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। बंडोल पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ लोग मवेशियों का परिवहन कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में फिल्टर प्लांट के पास नाकाबंदी कर ट्रक एमपी 04 एचई 1890 को रोककर तलाशी ली। जहां गोवंश, बैल समेत 42 मवेशियों को रूरतापूर्वक ट्रक में भरकर परिवहन किया जा रहा था। जिन्हें रोककर पूछताछ की गई और गिर त में लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों में शब्बीर पुत्र हबीब खान (50) निवासी पियार बाखन वार्ड 6 सारंगपुर, कल्ला पुत्र सैयद खान (40) नयापुरा वार्ड 15 सारंगपुर, उसमान पुत्र मजीद खान (30) मुकेन्द्रवाली मोहल्ला वार्ड 15 सारंगपुर ये तीनों जिला राजगढ निवासी हैं और चौथा आरोपी शाहरूख पुत्र अलताफ खान (24) निवासी नवीन कालोनी करोंद भोपाल को गिर तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी शाहरूख खान के कब्जे से पुलिस ने एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 9, मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 6,7, मप्र कृषक उपयोगी पशु संरक्षण अधिनियम, 6(क), (ख) (1) मप्र कृषक पशु परिरक्षण अधि. धारा 11 (घ) पशुओं के प्रति रूरता का निवारण अधिनियम, 25, 27 आर्म्स ऐ ट धारा-66, 192, 130 (3) मोटर व्हीकल अधिनियम का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

आरोपियों को गिर तार करने में बंडोल थाना प्रभारी राजेश कुमार दुबे, एएसआई राजेंद्र नागवंशी, अशोक सेन, हेड कांस्टेबल अमर उइके, आरक्षक राजेश सरयाम, सतीश पाल, राकेश मार्को, सुधीर डेहरिया, प्रदीप चोधरी, दीपेश रघुवंशी, सैनिक दशाराम भलावी और डायल 100 वाहन चालक यशवंत नामदेव शामिल रहे।

# 12 नाखून वाला कछुआ और दो मुंह वाले सांप के तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

## अंतरराज्यीय नाके बडचिचोली चौकी में चेकिंग के दौरान पकड़े गये

छिंदवाड़ा यशोः- काटोल के जंगल से 12 नाखून वाला कछुआ और दो मुंह वाल सांप पकड़कर बेचने ले जा रहे तस्कर पांढुर्णा तहसील की अंतरराज्यीय नाके बड़चिचोली चौकी पुलिस टीम ने काटोल नाके पर चेकिंग के दौरान पकड़ लिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार रात को पुलिस ने तीन संदिग्ध लोगों की तलाशी ली, जिनके पास से ढाई करोड़ रुपए मूल्य का दो मुंह वाला सांप ( रेड सेंड बोआ) और बारह नाखून वाला कछुआ मिला, जो तस्करी के लिए काटोल के जंगल से पकड़कर लाए गए थे। यह दोनों प्राणी संरक्षित वन्य प्राणी हैं, इसके चलते आरोपित आशिक (18), श्री राम (54), अजय (27) पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके हिरासत में लिया है।

बता दें कि दो मुंह वाला सांप यौन शक्ति वर्धक दवाई बनाने और 12 नाखून वाले कछुये का उपयोग सट्टे का नंबर निकालने व तंत्र-मंत्र में होता है। पुलिस कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई आशीष भीमटे, आरक्षक निखिल उइके, अशोक, पुष्पेंद्र, भानु प्रताप नागेश, कपिल बघेल, सीमा मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ग्राम बडचिचोली अंतरप्रांतीय नाके पर पुलिस ने रेड सेंड बोआ सांप और कछुआ को चेकिंग के दौरान आरोपितों सहित धर दबोचा। जिला पुलिस अधिक्षक विनायक शर्मा ने पुलिस थाना पांढुर्णा में प्रेसवार्ता में बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस दुर्लभ सांप का दाम ढाई करोड रू. और दुर्लभ कछुए का दाम पचास



हजार रुपये है। जिला पुलिस अधिक्षक के दिशा निर्देशों के अनुसार पुलिस दल बॉर्डर चेकिंग की ड्यूटी पर लगे थे।

अंतरराज्यीय नाका पाइंट बडचिचोली नर्सिंग होम के सामने चेकिंग के दौरान जब पुलिस दल ने काटोल की तरफ से आती हुई एक काले रंग की मोटरसाइकिल को रोकना चाहा तो बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उपनिरीक्षक आशीष भीमटे, आरक्षक निखिल उईके, अशोक, पुष्पेंद्र, भानुप्रताप नागेश, कपिल बघेल तथा महिला आरक्षक सीमा मरकाम ने घेराबंदी कर भागती हुई मोटरसाइकिल को रोकने पर विवश किया।

पुलिस दल ने मोटरसाइकिल सवार श्रीराम पिता खिरनलाल पटले निवासी बडचिचोली थाना पांढुरना के पास रखी बोरी को गवाहों के समक्ष खोला तो उसमें दुर्लभ प्रजाति का दो मुंह वाला रेड सेंड बोआ सांप पाया गया। दूसरे मोटरसाइकिल सवार अजय निहारे की बोरी में दुर्लभ प्रजाति का इंडियन लेप शेल टर्टल (कछुआ) पाया गया। तीसरे मोटरसाइकिल सवार का नाम आशिक पिता गणेश राऊत निवासी मोहगांव थाना मोहगांव, जि. छिंदवाडा है।

जिला पुलिस अधिक्षक विनायक शर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि सेंड बोआ का प्रयोग शक्तिवर्धक दवाओं में और इंडियन लेप शेल टर्टल की तंत्र मंत्र में भारी मांग होती है। पुलिस के अनुसार यह दोनों प्राणि वन्यजीव अधिनियम 1972 संशोधन अधिनियम 2022के शेड्यूल 1 के तहत कब्जे में रखना अपराध है। पुलिस दल तस्करों से उनके संपर्क वन्यजीव कहां से लाए, कहां ले जा रहे इस बारे में पूछताछ कर रहा है।

## रपटाघाट में किया गया श्रमदान, शहर को स्वच्छ सुंदर रखने का लिया संकल्प



मंडला यशो:-'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' अंतर्गत महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर न.पा.परि. मण्डला द्वारा देशव्यापी स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य पर एक तारीख-एक घंटा श्रमदान का आयोजन रपटा घाट पर किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पार्षदगण, विक्रांत सारंग पानी कमांडेंट 148 बटालियन, अमित मिश्रा सेकेंड कमांडेंट एवं 148 बटालियन का स पूर्ण दल, इनर वॉइस सोसायटी, रोटरी ` लब, आँचल महिला समिति, अन्य स्व-सहायता समूह, गजानन नाफड़े मु य नगरपालिका अधिकारी, नोडल अधिकारी एस.रूखसार अली, समस्त स्टॉफ एवं नागरिकगण श्रमदान हेतु उपस्थित हुए। श्रमदान के पश्चात सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकों द्वारा स्वच्छता की शपथ ग्रहण करने के साथ - साथ ष्प् च्समकहम ज्व ङमममच डंदकसं ब्समंदष् हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए मण्डला शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने का संकल्प लिया गया।

## हमारा लक्ष्य 51 प्रतिशत वोट हासिल करना है - अशोक रोहाणी



सिवनी यशो:- प्रदेश में विधानसभाओं का चुनावी शंखनाद हो चुका है। हमारा केंद्रीय नेतृत्व से लेकर प्रदेश नेतृत्व और बूथ स्तर तक का कार्यकर्ता चुनाव जीतने के लिए पूरे मनोयोग से जुटा हुआ है। हमें प्रत्येक बूथ में 51प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य लेकर चलना है। कार्यकर्ताओं का संकल्प मजबूत होगा तो विजय भी सुनिश्चित होगी हमारे कार्यकर्ता संघर्षशील, परिश्रमी व अनुभवी हैं।

उक्ताशय की बात भाजपा की जिला चुनाव प्रबंधन समिति व विधानसभा चुनाव प्रबंधन समितियों की बैठक में प्रदेश की ओर से मार्गदर्शन देने आए जबलपुर कैंट के विधायक अशोक रोहाणी द्वारा कही गई। उनके साथ इस अवसर पर कटनी के पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित रहै। इस बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल, प्रेम तिवारी जिला उपाध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, लालू राय, नवल किशोर श्रीवास्तव, जिला मंत्री दीपक नगपुरे, डॉ टर अभिजीत सिंह चौहान सहित जिला एवं मंडल की चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य, जिला पदाधिकारी व मंडलों के अध्यक्ष एवं आमंत्रित कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का संचालन लालू राय द्वारा किया गया।

बैठक में श्री रोहाणी ने कहा कि, प्रदेश संगठन द्वारा हमें बूथ स्तर तक कार्य करने हेतु 15 कार्यों की एक सूची सौंप गई है। उसके अनुरूप हमें हर बूथ पर वॉल पेंटिंग कराना। हर बूथ पर 11 मोटरसाइकिल वाले कार्यकर्ताओं की सूची बनाना। हर बूथ पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाना। पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करना। एस.सी., एस.टी. वर्ग के लोगों से संपर्क करना। समाज के प्रभावी लोगों से अलग-अलग संपर्क करना। बूथों के समस्त हितग्राहियों की सूची बनाना व संपर्क करना। जीते हारे सरपंच, पार्षद, सभासदों से संपर्क करना। बूथ स्तर पर नए सक्रिय राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जोड़ना। स्वयं सहायता समूह की बहनों को जोड़ना। सहकारी समिति से जुड़े लोगों से संपर्क करना। सांस्कृतिक व धार्मिक संगठनों से संपर्क रखना। विचार परिवार के कार्यकर्ताओं से संपर्क करना। 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं की सूची बनाना। मजबूत व कमजोर बूथों की श्रेणी बनाकर उसके बूथ को मजबूत करने की योजना बनाना। यह सभी ऐसे कार्य हैं जिसे हम सही ढंग से पूरा करेंगे तो आगामी चुनाव में हम पूरी योजना व सहजता के साथ कार्य कर सकेंगे। और इससे हमारी विजय भी सुनिश्चित होगी।

इस बैठक में कटनी के पूर्व महापौर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शशांक श्रीवास्तव ने अपनी बात रखते हुए कहा कि, भाजपा निरंतर कार्य करने वाली पार्टी है। हमारे कार्यकर्ता सतत अपने कार्यों में जुटे रहते हैं। भारत माता को सर्वोपरि मानकर उसे परम वैभव के शिखर पर ले जाना ही हमारी विचारधारा रही है और उसी के अनुरूप हम निरंतर जनकल्याण और देश के गौरव के लिए कार्य करते हैं। यह चुनाव का वक्त है संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता की अपनी अपनी भूमिका है और इसी के अनुरूप संगठन द्वारा कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंप गए हैं हमें अपने दायित्वों के अनुरूप पूरी लगन और सक्रियता से काम करना है।

## कान्हा टाईगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधियाँ प्रारंभ

मंडला यशो:- पर्यटन वर्ष 2023-24 का प्रारंभ कान्हा टाईगर रिजर्व मण्डला में किया गया। कान्हा टाईगर रिजर्व के समस्त चार कोर जोन एवं तीन बफर जोन में पर्यटन गतिविधियां आर भ की गई। प्रातः खटिया प्रवेश द्वार पर क्षेत्र संचालक, सहायक संचालक एवं अन्य कर्मचारियों के साथ गाईड संघ, जिप्सी संघ द्वारा प्रवेश द्वार पर पूजन कर वाहनों को प्रवेश के लिये हरी झण्डी दिखाई गई। प्रथम दिवस में कोर जोन में कुल 92 पर्यटक वाहन एवं बफर जोन में कुल 12 पर्यटक वाहनों ने प्रवेश किया, जिसमें 509 पर्यटकों द्वारा भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रथम दिवस में किसली जोन में नर तेन्दुआ, कान्हा जोन में नर बाघ ज.118 तथा मादा बाघ के साथ पर्यटकों को भालू का भी दीदार हुआ।

## प्रमुख मांगों पर सहमति के बाद हड़ताल समाप्त करने का लिया फैसला



मंडला यशो:- मंडला जिले सहित प्रदेश भर के पटवारियों की पिछले एक माह से चल रही कलमबंद हड़ताल शुक्रवार की शाम समाप्त हो गई। जिसके बाद जिले के करीब 360 पटवारी अपने काम पर लौट गए हैं। मप्र पटवारी संघ की ओर से शुक्रवार सुबह ही हड़ताल समाप्त करने का निर्णय ले लिया था, लेकिन जिले के पटवारी हड़ताल चालू रखने और बंद करने के निर्णय में बंटे नजर आये। पटवारियों का एक समूह मांगों के संबंध में सरकार से लिखित आश्वासन के बाद ही हड़ताल समाप्त करना चाहता था। धरना स्थल पर पटवारियों ने बैठ कर आपस में ल बी चर्चा की और शाम तक सभी काम पर लौटने पर सहमत हो गए।

बताया गया है कि एक माह से जारी पटवारियों की हड़ताल की वजह से राजस्व विभाग के काम बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। हितग्राही, किसान निराश होकर राजस्व कार्यालय से लौट रहे है। जिसको देखते हुए आयुक्त भू अभिलेख द्वारा 27 सितंबर को सभी कले टर को पत्र जारी कर कार्य में अनुपस्थित पटवारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिसके बाद पटवारी संघ ने मु यमंत्री से मुलाकात कर चर्चा की और मांगों के उचित निराकरण के आश्वासन व भत्ते के आदेश जारी होने से संतुष्ट होकर हड़ताल समाप्त करने का निर्णय ले लिया। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष गीतेंद्र बैरागी ने बताया कि पटवारी संघ की सरकार से हुई चर्चा के दौरान प्रमुख मांगों पर सहमति बन गई है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 2400 ग्रेड पे, समयमान वेतनमान, पदोन्नति जैसी प्रमुख मांगों पर सहमति प्रदान की है। जिसके बाद जिले के पटवारियों से सामूहिक रूप से हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया और शाम को अपने कर्तव्य पर लौटते हुए कले टर के समक्ष उपस्थिति दर्ज करा दी है।

## महिला के गले से पल भर में सोने की चैन मंगलसूत्र ले उड़े युवा



मंडला यशो:- शनिवार की दोपहर करीब 4:30 बजे के आसपास नर्मदा जी वार्ड में डॉ नवीन ` लीनिक के पास चौन स्केचिंग किए जाने का मामला सामने आया है। नर्मदा जी वार्ड जी निवासी शिखा अग्रवाल अपनी बेटी के साथ बाजार जा रही थी तभी उनके बाजू से दो लडके निकले जो बाइक में सवार थे जिसमें से एक लडके ने हेलमेट पहना हुआ था और दूसरे ने मुंह में गमछा बांध रखा था उन्होंने महिला के गले में झप्पटा मारा और सोने की चौन व सोने का मंगलसूत्र खींच कर भाग निकले। पूरी घटना पार्षद ब्रजेश जसवानी के घर में लगे कैमरे में कैद हो गई। इसी मार्ग में सरकारी कैमरे भी लगे हुए हैं लेकिन पीडित परिवार परेशान है और सिटी कोतवाली से पीडित परिवार को कोई खास राहत नही मिल पाई जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा को दी गई तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बता दें कि बीते दो माह के अंदर सिटी कोतवाली अंतर्गत अनेक घटनाए सामने आ चुकी हैं। बीते दिनों सजावट को लेकर विवाद इसके बाद गणेश उत्सव चल समारोह पर मारपीट के साथ छोटी मोटी चोरी चकारी के मामले सामने आने लगे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला चिकित्सालय में की गई वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य की जांच

मंडला यशो:- सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय मण्डला द्वारा बताया गया कि 1 अ टूबर 2023 को जिला चिकित्सालय मण्डला में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत वरिष्ठजनों की जांच की गई एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, कार्यपालन यंत्री भवन निर्माण जी.पी. पटले, सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे सहित पैरामेडिकल एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

कले टर ने उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का स मान किया तथा उनसे संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने वरिष्ठजनों को वार्किंग स्टिक का वितरण किया तथा स्वच्छता पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय मण्डला के हर्बल गार्डन में श्रमदान भी किया गया।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत श्रमदान देकर जमा कचरों का किया निपटान



मंडला यशो:- केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय मंडला द्वारा 1 अ टूबर 2023 को स्वामी सीताराम वार्ड, वार्ड क्रमांक 11 पंप हाउस प्रांगण में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगरपालिका परिषद मंडला, कार्ड संस्था, स्थानीय रहवासी आदि के सहयोग से सुबह 10 बजे से एक घंटा श्रमदान देकर साफ-सफाई किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा ग्लव्स, झाडू, डस्टपैन गार्बेज बैग, सैनिटाइजर, हैंड वॉश, आदि प्रदाय किया गया।

श्रमदान के दौरान नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कुमार कछवाहा, पार्षद कामिनी चौधरी, रामरतन मरावी, पुहुप सिंह भारत, प्रेमराज कछवाहा, पप्पू यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सहित स्थानीय वार्डवासी, नगरपालिका के कर्मचारी, कार्ड संस्था के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के द्वारा श्रमदान के माध्यम से कचरे के ढेर को सफाई किया गया। श्रमदान पश्चात केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी एस.के. साहू द्वारा स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई।

## प्रत्येक मरीज को आवश्यकतानुसार सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें - डॉ. सिडाना

### जिला अस्पताल में डिजीटल ऐ स-रे मशीन प्रारंभ



मंडला यशो:- जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय मंडला में डिजीटल ऐ स-रे मशीन का इंस्टॉलेशन की कार्यवाही पूर्ण कर प्रारंभ कर दी गई। जिला चिकित्सालय के भ्रमण के दौरान कले टर ने डिजीटल ऐ स-रे मशीन का अवलोकन किया तथा संबंधित स्टॉफ से कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली। डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि मशीन के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें तथा प्रत्येक मरीज को आवश्यकतानुसार सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान ईईपीआईयू जीपी पटले, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**एक से अधिक अटेंडर न रहने दें**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों की ड्यूटी एवं दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाएं, भर्ती मरीजों के पास अटेंडर केवल निर्धारित समय में ही जाने दिए जाएं। एक समय में एक ही अटेंडर को मरीज के पास जाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने सीसीटीव्ही कैमरों की सं या बढ़ाने के निर्देश दिए।

## स्टेडिंग कमेटी की बैठक 4 अ टूबर को

मंडला यशो:- फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत 4 अ टूबर 2023 को नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में 4 अ टूबर 2023 को प्रातः 10 बजे जिला योजना भवन के सभाकक्ष में स्टेडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है।

## लोकतंत्र की सफलता में वृद्धजनों का महत्वपूर्ण योगदान - डॉ. सिडाना

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित किया गया वृद्ध युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम




मंडला यशो:- अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्ध-युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों ने निर्वाचन से संबंधित अपने अनुभव साझा करते हुए नवीन मतदाताओं को अनिवार्य एवं नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं को शॉल एवं श्रीफल से स मानित करते हुए उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम में अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह एवं हुनेन्द्र घोरमारे तथा बुजुर्ग एवं नवीन मतदाता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि बुजुर्गजन हमारे परिवार एवं समाज का आधार हैं। देश के निर्माण तथा लोकतंत्र की सफलता में वृद्धजनों का महत्वपूर्ण योगदान है, वर्तमान पीढ़ी को वृद्धजनों से सीखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कलापथक दल के सदस्यों तथा नवीन मतदाताओं द्वारा भी मतदाता जागरूकता से संबंधित गीत प्रस्तुत किए गए तथा वृद्ध तथा नवीन मतदाताओं के समक्ष इले ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन करते हुए मतदान की प्रक्रिया बतलाई गई।

101 वर्षीय पदमा विभाजन के समय पाकिस्तान से आई थी

वृद्ध-युवा संवाद कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा करते हुए 101 वर्षीय पदमा बाई ने बताया कि हिन्दुस्तान की खूबसूरती लोकतंत्र से है। उसने बताया कि वह 1947 में विभाजन के समय परिवार सहित भारत आई थी। उसने प्रत्येक चुनाव में भागीदारी करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। 90 वर्षीय महेश वाजपेयी ने बताया कि उन्होंने आर्मी की ओर से कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में भी कार्य किया है। विषय परिस्थितियों में भी उन्होंने प्रत्येक चुनाव में मतदान किया है। इसी प्रकार 89 वर्षीय आईपी तिवारी ने कहा कि पहले निर्वाचन की प्रक्रिया अत्यंत कठिन थी। ईव्हीएम के आने से मतदान की प्रक्रिया आसान हो गई है।

**हम भी लोकतंत्र की मजबूती में सहभागी बनेंगे**

कार्यक्रम में ऐसे नवीन मतदाताओं से भी संवाद किया गया जो विधानसभा निर्वाचन 2023 में पहली बार मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि मताधिकार का उपयोग कर अब हम भी लोकतंत्र की मजबूती में सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को नैतिक मतदान करते हुए अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करना चाहिए। उन्होंने नवीन मतदाताओं से आव्हान किया वे स्वयं वोट करें तथा अपने परिवार तथा आसपास के वरिष्ठ मतदाताओं को भी मतदान करने में सहायक बनें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई।

## वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत निकाली गई रैली



मंडला यशो:- कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह वर्ष 2023 का आयोजन 7 अ टूबर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। सामान्यजनों में वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के उद्देश्य से स पूर्ण राज्य में एक पर्व के रूप में मनाए जाने वाला कार्यक्रम 1 अ टूबर से आरंभ होकर 7 अ टूबर को समाप्त होगा। इसी क्रम में 1 अ टूबर 2023 को रैली का आयोजन किया गया। रैली नगरपालिका प्रांगण से रेडक्रॉस भवन, बड़ चौराहा चिलमन चौक, सिटी कोतवाली, बैगा-बैगी चौराहा, नेहरू स्मारक चौक से कान्हा टायगर रिजर्व कार्यालय के प्रांगण में समापन किया गया। रैली का शुभार भ नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं संयुक्त संचालक कान्हा टायगर रिजर्व एन.एस. यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यालय के प्रांगण में छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारियों को वन्यप्राणी संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई एवं वन्यप्राणी संरक्षण के महत्व तथा वन्यप्राणियों के प्रति कर्तव्य के विषय में छात्र-छात्राओं का अवगत कराया गया। वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के दौरान कान्हा टायगर रिजर्व द्वारा विद्यालय, महाविद्यालय स्तर पर चित्रकला, निबंध, पोस्टर निर्माण, बर्ड वॉचिंग फोटोग्राफी, रंगोली, फेन्सी ड्रेस, क्विज, प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा तथा 7 अ टूबर 2023 को कार्यालय प्रांगण में समापन समारोह आयोजित किया जायेगा जिसमें विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297